आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 28.08.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने प्रदेश के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में संचालित राहत और पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की। खोज और बचाव अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- केंद्र सरकार ने रेहड़ी–पटरी विक्रेताओं के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के पुनर्गठन और 2030 तक विस्तार को मंजूरी दी।
- शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा– सरकार का उद्देश्य राज्य के शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत प्रत्येक छात्र को स्काउट एवं गाइड से जोड़ना है।
- **और,** मौसम विभाग ने आज बागेश्वर, चमोली तथा पिथौरागढ़ जिलों में मूसलाधार बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

आपदा प्रभावित

मुख्य सचिव आनन्द बर्धन ने देहरादून से राज्य के आपदा प्रभावित क्षेत्रों, विशेषकर धराली आपदा प्रभावितों के लिए चलाए जा रहे राहत और पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने आपदा सचिव और गढ़वाल आयुक्त से धराली में राहत व पुनर्वास कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

मुख्य सचिव ने सचिव लोक निर्माण विभाग और सचिव सिंचाई को प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण कर अस्थायी झील में डूबे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के हिस्से के लिए तत्काल वैकल्पिक मार्ग तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभावित क्षेत्र के लिए अन्य पैदल मार्गों और वैकल्पिक मार्गों की मरम्मत पर भी जोर दिया। श्री बर्द्धन ने खोज अभियान जारी रखने और नवीनतम तकनीक का उपयोग कर खोज कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कृषि सचिव को प्रभावित क्षेत्रों में उत्तराखंड औद्यानिकी बोर्ड एवं मण्डी परिषद द्वारा उत्पादों की खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, बाजार उपलब्ध कराने के लिए जीएमवीएन और केएमवीएन के मार्केट सेल को भी सक्रिय किया जाए। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि एप्पल मिशन, कीवी मिशन और वीर चंद्र सिंह गढ़वाली स्वरोजगार योजना, होम स्टे जैसी विभिन्न योजनाओं से प्रभावित लोगों को आजीविका में मदद करने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने आपदा के कारण लोगों के नष्ट हुए प्रमाण पत्रों और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के लिए बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन लगाने के निर्देश दिए।

**पीएम स्वनिधि योजना**

केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने आज प्रधानमंत्री रेहडी–पटरी विक्रेता आत्मनिर्भर निधी – पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन को स्वीकृति दे दी है। मंत्रिमंडल ने 31 दिसंबर 2024 से आगे की अवधि के विस्तार का भी अनुमोदन किया। इसे अब 31 मार्च, 2030 तक बढ़ा दिया गया है। योजना का कुल परिव्यय सात हजार 332 करोड़ रुपये है।

इस पुनर्गठित योजना का लक्ष्य 50 लाख नए लाभार्थियों सहित 1.15 करोड़ लाभार्थियों को लाभ देना है, इस योजना के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय और वित्तीय सेवा विभाग पर संयुक्त रूप से रहेगी। पुनर्गठित योजना की प्रमुख विशेषताओं में पहली और दूसरी किस्त में बड़ी हुई ऋण राशि दूसरा ऋण चुकाने वाले लाभार्थियों के लिए यूपीआई लिंक्ड रुपए क्रेडिट कार्ड का प्रावधान और खुदरा और थोक लेनदेन के लिए डिजिटल कैशबैक प्रोत्साहन शामिल है। यूपीआई लिंक्ड रुपए क्रेडिट कार्ड की शुरुआत से स्ट्रीट वेंडरों को किसी भी आकस्मिक व्यावसायिक और व्यक्तिगत आवश्यकताओं

को पूरा करने के लिए तत्काल ऋण उपलब्ध हो सकेगा। इसके अलावा डिजिटल प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए स्ट्रीट मंडल खुदरा और थोक लेनिन पर 1600 रूपए तक के कैशबैक प्रोत्साहन का लाभ उठा सकते हैं। सरकार ने कोविड–19 महामारी के दौरान अभूतपूर्व कठिनाइयों का सामना करने वाले रेहडी–पटरी वालों की सहायता के लिए 1 जून 2020 को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना शुरू की थी।

## भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने पूरे देश के स्कूलों से 5 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए समय पर आधार अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश कुमार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर इस पहल से अवगत कराया है।

## स्काउट्स एंड गाइड्स

उत्तराखंड के शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत प्रत्येक छात्र को स्काउट्स एंड गाइड्स से जोड़ा जाएगा। पहले दो वित्तीय वर्षों में दो लाख युवाओं का पंजीकरण किया जाएगा, जिसके लिए भारत स्काउट गाइड के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून में आयोजित बैठक में अधिकारियों को सभी शिक्षण संस्थानों में स्काउट गाइड की इकाइयाँ स्थापित करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने को कहा, ताकि बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ–साथ अनुशासन और व्यावहारिक नैतिक मूल्यों का ज्ञान मिल सके।

बैठक में स्काउट एवं गाइड की वार्षिक गतिविधियों की समीक्षा के साथ ही भविष्य की कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई।

## प्रधानों का शपथ ग्रहण

ऊधमसिंह नगर में नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। 375 नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों में से 276 ग्राम प्रधानों ने ही पद और गोपनीयता की शपथ ली। कार्यक्रम में 2 हजार 948 नवनिर्वाचित सदस्यों को भी शपथ दिलाई गई।

जिले के मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने बताया कि सभी ब्लॉकों में शपथ समारोह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत के शपथ ग्रहण समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## बीआईएस कॉर्नर

भारतीय मानक ब्यूरो की देहरादून शाखा ने बुधवार को ग्राफिक एरा में 10 बीआईएस छात्र अध्याय, बीआईएस कॉर्नर और मेंटर्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए, बीआईएस की उप महानिदेशक स्नेहलता ने छात्रों से मानक विकास और शोध कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो शिक्षा जगत के साथ मिलकर गुणवत्ता संस्कृति को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

इस अवसर पर, बीआईएस देहरादून के निदेशक और प्रमुख सौरभ तिवारी ने कहा कि ग्राफिक एरा देश का पहला निजी विश्वविद्यालय है जहाँ एक साथ 10 छात्र अध्याय और बीआईएस कॉर्नर स्थापित किए गए हैं। उन्होंने छात्रों को मानकों की समीक्षा और नए मानकों के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

मौसम

मौसम विभाग ने आज बागेश्वर, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों में मूसलाधार बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि शेष जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 31 अगस्त तक राज्य में बारिश के आसार बने हुए हैं। इस अवधि में लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने और मौसम खराब होने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर रुकने की सलाह दी गयी है।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर–––**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के उत्तरकाशी के आपादा प्रभावित स्यानाचट्टी दौरे को सभी समाचार पत्रों ने स–चित्र प्रकाशित किया है। अमर उजाला ने सीएम धामी के हवाले से लिखा है– स्यानाचट्टी में आपदा से नुकसान का तत्काल आकलन कर रिपोर्ट दें। इस खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है– स्यानाचट्टी के लोगों के साथ खड़ी है सरकार।

वैष्णो देवी में आई प्राकृतिक आपदा पर दैनिक जागरण लिखता है– वैष्णो देवी से बिना दर्शन लौटे श्रद्धालु, आपदा में 34 की मौत। इस खबर पर हिन्दुस्तान का शीर्षक है– लगातार बारिश से तबाही, वैष्णो देवी मार्ग हादसे में मरने वाले 34 हुए।

भारत–अमेरिका व्यापार दैनिक जागरण लिखता है– भारत–अमेरिका में वार्ता के दरवाजे खुले। दोनों ओर से मिल रहे हैं सकारात्मक संकेत, अमेरिका वित्त मंत्री बोले– अंततः हम साथ आएंगे।